# CHAPTER-IV

# AIACE IN MEDIA

दैनिक भास्कर

कोरबा 29-12-2020

## पेंशन पुनरीक्षण व पेंशन नियमों का जल्द हो सरलीकरण: एआईएसीई

### एआईएसीई की वर्चुअल आमसभा आयोजित

भास्कर न्यूज़|कोरबा

ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कोल एग्जीक्यूटिव (एआईएसीई) की वार्षिक आम सभा की वर्चुअल बैठक हुई। इसमें संगठन के महासचिव व संयोजक पीके सिंह राठौर अन्य सदस्य व पदाधिकारियों से जुड़े। आरबी माथुर ने बैठक की अध्यक्षता की।

उन्होंने संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। डॉ बीके श्रीवास्तव ने वर्ष 2020 में संगठन के प्रयास व उपलब्धि से सदस्यों को अवगत कराया। उन्होंनें कंपनी में अंशदाई पेंशन योजना के उचित कार्यान्वयन के साथ ही लंबित प्रकरणों के निराकरण के मुद्दे, सेवानिवृत्त अधिकारियों के लिए पोस्ट रिटायरमेंट मेडिकेयर स्कीम के तहत उपचार के लिए चिकित्सा प्रतिपूर्ति 15000 से बढ़ाकर 36000 रुपए करने, स्मार्ट कार्ड से इलाज के लिए आवश्यक प्रक्रिया की शुरुआत, पेंशन फंड को मजबूत करने के लिए कोयला उत्पादन पर प्रति टन 10 रुपए अतिरिक्त कर (सेस) का प्रावधान, पीआरपी भुगतान की अड़चन दूर करने सहित की दिशा में संगठन के प्रयास की उपलब्धियां बताई। हालांकि आमसभा में चर्चा के दौरान पदाधिकारियों के बीच यह उभर कर सामने आया कि मेडिकल स्कीम के साथ ही पेंशन प्रणाली में काफी सुधार की आवश्यकता है। इसके लिए संगठन लगातार प्रयास कर रहा है।

पदाधिकारियों ने कहा कि पेंशन स्कीम में 1998 के बाद कोई समीक्षा नहीं हुई है।। पेंशन पुनरीक्षण के साथ ही आश्रित पत्नी को पेंशन के सरलीकरण की मांग पर जोड़ दिया गया है। वर्चुअल मीटिंग के दौरान पदाधिकारियों ने बताया कि मांगों को लेकर सांसद सदस्यों को भी ज्ञापन दिया गया है। आगे के लिए इस दिशा में प्रयास चल रहे हैं। बैठक में धन्यवाद ज्ञापन एम एल गांधी ने दिया।

दैनिक भास्कर कोरबा 17-12-2020

बाइक चोरी की तो नहीं है। फिलहाल परेशानी बढ़ जाएगी। जब नए वाहन ले गए, लेकिन तब से अब

# पेंशन बढ़ाने के लिए पहले धरना फिर क्रमिक भूख हड़ताल करेगा एसोसिएशन

## ऑल इंडिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन संगठनों को कर रहा है एकजुट

भास्कर न्यूज | कोरबा

सेवानिवृत्त कोयला अधिकारी व कर्मचारियों के पेंशन में बढ़ोतरी की मांग को लेकर ऑल इंडिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन आंदोलन की तैयारी कर रहा है । इसके लिए एसोसिएशन विभिन्न संगठनों को एकजुट कर रहा है।

आंदोलन में शामिल होने के लिए विभिन्न संगठनों के चेयरमैन और सचिव को पत्र लिखा गया है। एसोसिएशन ने धरना प्रदर्शन व क्रमिक भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी है। पेंशन बढ़ोतरी की मांग के अलावा मृत पेंशनर्स के आश्रित पत्नी का पेंशन जल्द शुरू कराने की मांग भी संगठन का प्रमुख मुद्दा है। क्योंकि पेंशनर्स की मृत्यु के बाद उनके आश्रित पत्नी का पेंशन शुरु करने कई तरह की कठिनाई का सामना करना पड़ता है। ऑल इंडिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी पीके सिंह राठौर ने बताया कि सीएमपीएस 1998 के तहत कोयला अधिकारी व कर्मचारियों को पेंशन का भुगतान किया जाता है। पेंशन की समीक्षा तब से लेकर अब तक एक बार भी नहीं हुई है। वहीं वर्ष 2007 से पहले सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी अधिकारियों का पेंशन काफी कम है। जिससे पेंशनर्स को आश्रित परिवार व खुद का जीवन यापन करने में दिक्कत आती है। इसे लेकर प्रबंधन के समक्ष कई बार पेंशन बढ़ाने की मांग की गई है। लेकिन अब तक मांग पूरा नहीं हुआ है। जिससे कोल पेंशनर्स निराश हैं। इसे देखते हुए ऑल इंडिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन ने आंदोलन की रणनीति तैयार की है।

### इन क्षेत्रों के संगठन आंदोलन में होंगे शामिल

पेंशन बढ़ोतरी व मृत पेंशनर्स के आश्रितों को जल्दी पेंशन सुविधा दिलाने की मांग के मुद्दे पर बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इसमें कोल इंडिया पेंशनर्स एसोसिएशन एसईसीएल के अलावा कोल माइंस पेंशनर्स एसोसिएशन बैतुल, आसनसोल, फेडरेशन ऑफ कोल इंडस्ट्री रिटायर्ड एम्पलाइज एसोसिएशन नागपुर, कोलकाता, सेवानिवृत्त अधिकारी कल्याण संघ नागपुर, सिंगरेनी सेवानिवृत्त अधिकारी कल्याण संघ हैदराबाद, कोल इंडिया रिटायर्ड ऑफिसर एसोसिएशन बिलासपुर, भुवनेश्वर, सुपरनुएशन ऑफिसर्स एसोसिएशन दिल्ली, कोल माइन पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन आसनसोल, कोल माइंस पेंशनर्स एसोसिएशन हैदराबाद, व अन्य संगठनों को आंदोलन में शामिल होने के लिए पत्र भेजा गया है।

दैनिक भास्कर कोरबा 05-12-2020

# कोल पेंशनरों का पीओपी बैंक खातों मे भी लिखने की मांग

भास्कर न्यूज | कोरबा

ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कोल एक्जक्यूटिव (एआईएसीई) और ऑल इंडिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन (एआईएसीई) ने कोल माइंस प्रोविडेंड फंड आर्गनाइजेशन और बैंकों को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि कोल पेंशनर्स के बैंक खातों में पेंशन पे आर्डर (पीपीओ) नंबर का भी उल्लेख होना चाहिए।

संगठन के पदाधिकारी पीके सिंह राठौर ने कहा कि केंद्र सरकार के संबंधित मंत्रालय की ओर से पहले ही इसके निर्देश जारी कर दिए गए हैं, लेकिन अब तक इसका अनुपालन शुरू नहीं हुआ है। इसे देखते हुए बैंको के अलावा कोल माइंस पेंशन फंड आर्गनाइजेशन को इसके लिए पत्र लिखा है कि सेवानिवृत्त कोयला कर्मचारियों-अधिकारियों के बैंक खातों में अब अनिवार्य रूप से पीपीओ नंबर का उल्लेख करना चाहिए। पेंशनरों का कहना है कि उनको सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन भुगतान के लिए कोड या नंबर दिया जाता है, जिसे पीपीओ कहा जाता है।

पेंशनर्स को इसे हमेशा याद रखना होता है, लेकिन कई बार समय के साथ उम्र अधिक होने से पेंशनर्स इसे भूल जाते हैं या फिर पेंशनर्स के निधन के बाद पेंशनर की आश्रित पत्नी और परिवार के अन्य लोगों को इसकी जानकारी नहीं रहती है। इससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों के आश्रित पेंशनर्स को समस्या का सामना करना पड़ता है। पेंशन फिर जारी रखने में दिक्कत होती है। इसे देखते अब बैंक पासबुक में खाता नंबर के साथ ही पीओपी दर्ज कराने की मांग की गई है।

# कोयला अधिकारियों का डीए फ्रीज करने से बढ़ी नाराजगी

## निर्णय को वापस लेने उद्यम विभाग के सचिव को पत्र

भास्कर न्यूज|कोरबा

कोयला अधिकारियों के संगठन ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कॉल एग्जीक्यूटिव (एआईएसीई) ने सेंट्रल पब्लिक सेक्टर के अधिकारियों का डीए फ्रीज करने के केंद्र के निर्णय का विरोध किया है।

संगठन ने डीए फ्रीज करने का निर्णय वापस लेने की मांग को लेकर सार्वजनिक उद्यम विभाग के सचिव को पत्र लिखा है। जिसमें कहा गया है कि कोविड-19 के नाम पर कोल इंडिया व अन्य पीएसयू के अधिकारियों के डीए को फ्रीज करने का निर्णय गलत है। संगठन के संयोजक पीके सिंह राठौर ने कहा है कि केंद्र सरकार के इस निर्णय से कोयला अधिकारियों के उत्साह में भी कमी आएगी। इससे कोयला उत्पादन पर भी विपरीत असर पड़ने की आशंका है। उन्होंने यह निर्णय वापस लेने की मांग की है।

19 नवंबर को भारी उद्योग मंत्रालय ने आदेश जारी कर कोल इंडिया सहित अन्य पीएसयू में अफसरों के महंगाई भत्ता पर जून 2021 तक रोक लगा दी है। इसके लिए कोरोना के चलते धीमी हुई आर्थिक गतिविधियों को कारण बताया गया है। डीए फ्रीज करने से प्रभावित होने वाले अधिकारियों ने इस निर्णय को लेकर नाराजगी जताई है। इस निर्णय को वापस लेने की मांग की गई है।

जीवन प्रमाण

डाकघर और एआइसीपीए ने संयुक्त रूप से लगाया शिविर

# दो दर्जन से ज्यादा कोल पेंशनरों का बना डिजिटल पत्र

कोरबा (नईदुनिया प्रतिनिधि)। सेवानिवृत्त कोल कर्मियों के पेंशन के लिए डिजिटल प्रमाण पत्र डाकघर के सहयोग से बनाया गया। इस दौरान अंगूठा का निशान नहीं मिलने पर कई पेंशनरों को वापस लौटना पड़ा।

आल इंडिया एसोसिएशन आफ कोल एक्जिक्यूटिव्स (एआईएसीई) व आल इंडिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन (एआइसीपीए) ने कोयला पेंशनरों की सुविधा के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने के लिए डाक व टेलीग्राफ विभाग से अनुबंध किया है। शुक्रवार को जेआरसी क्लब एसईसीएल कोरबा एरिया में एआइसीपीए व डाक विभाग ने संयुक्त रूप से शिविर आयोजित कर डिजिटल प्रमाण पत्र बनाया। इस दौरान डाक विभाग के प्रमोद कुमार यादव व उनकी टीम ने दो दर्जन से ज्यादा लोगों ने प्रमाण पत्र बना कर जमा कराया। एआइसीपीए के संयोजक पीके सिंह राठौर ने बताया कि डाक विभाग ना केवल डिजिटल प्रमाण पत्र बनाएगा, बल्कि उसे सीएमपीएफ में जमा भी कराएगा। इससे पेंशनरों को अनावश्यक रूप से भटकना नहीं पड़ेगा। राठौर ने बताया कि इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक एक अखिल भारतीय नेटवर्क है और इसमें एक लाख से अधिक सेवा प्रदाता (पोस्टमैन) हैं, जो पूरे देश में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने का काम करेंगे। प्रमाण पत्र बनवाने में शारीरिक रूप से अक्षम व एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने में असमर्थ सेवानिवृत्त कर्मियों के पास पोस्टमैन जाकर उनका प्रमाण पत्र बनाएंगे। कार्यक्रम में पेंशनर एसोसिएशन के सचिव एसपी पटनायक, एआईएसीई के सचिव केएल कुर्रे समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। राठौर ने बताया कि बांकीमोंगरा, रजगामार, कुसमुंडा व सुराकछार क्षेत्र में भी इसी तरह का शिविर का आयोजित किया जाएगा, ताकि सेवानिवृत्त कर्मी इस सुविधा का लाभ उठा सकें। बताया जा रहा है कि शिविर में कई पेंशनरों को उस वक्त खाली वापस लौटना पड़ा, जब उनके हाथ का अंगूठा का निशान नहीं लग सका। इससे प्रमाण पत्र नहीं बन सका।



कोरबा। शिविर में उपस्थित टीम के सदस्य • नईदुनिया

# कोल पेंशनरों को डिजीटल लाइफ सर्टिफिकेट की जानकारी देने कैंप आज

कोरबा | ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कोल एक्जिक्यूटिव्स (एआईएसीई) व ऑल इंडिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन (एआइसीपीए) की ओर से कोल पेंशन जारी रखने के लिए कोयला पेंशनरों के डिजीटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने और उसे सीएमपीएफओ को प्रस्तुत करने के संबंध में जानकारी देने के लिए एसईसीएल कोरबा एरिया के जूनियर रिक्रिएशन क्लब (जेआरसी) में शुक्रवार को सुबह 10: 30 बजे से कैम्प आयोजित किया गया है। सयोंजक पीके सिंह राठौर ने बताया कि सेवानिवृत्त कार्मिकों को डिजीटल लाइफ सर्टिफिकेट की सुविधा के लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के साथ गठजोड़ किया है। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक एक अखिल भारतीय नेटवर्क है और इसमें 1 लाख से अधिक सेवा प्रदाता (पोस्टमैन) हैं जो पूरे देश में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट

# फरवरी में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे कोल पेंशनर

**बैतूल (नवदुनिया प्रतिनिधि)।** कोल माइंस पेंशनर एसोसिएशन एचएमएस की मासिक बैठक मंगलवार को शहीद भवन में संपन्न हुई। बैठक में संघ के जिला अध्यक्ष दिनकर साहू ने बताया कि माह फरवरी 2021 में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन सीएमपीएफ कार्यालय धनबाद में किया जाएगा।

इस दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि माह जनवरी 2021 तक संगठन की 4 सूत्रीय मांगों को भारत सरकार कोयला मंत्रालय नहीं मानेगी तो मार्च 2021 में जंतर मंतर नई दिल्ली में पूरे भारत के कोल पेंशनर हड़ताल करेंगे। बैठक में सभी पेंशनरों को यह भी बताया कि राष्ट्रीय कोल पेंशनर एसोसिएशन के संयोजक पीके सिंह राठौर के आव्हान एवं मार्गदर्शन में हड़ताल की जाएगी।

महामंत्री डीआर इर लवड़े ने सभी कोल पेंशनरों से अपील करते हुए कहा कि जो पेंशनर जिस बैंक से पेंशन प्राप्त कर रहा है वह अपनी बैंक से फार्मर सर्वाइवर फार्म ले तथा पत्नी का आधार नंबर, पैन कार्ड, जॉइंट फोटो लेकर आगामी बैठक 15 जनवरी 2021 उपस्थित होवे ताकि दिल्ली से आए पत्रों के अनुसार फार्म भरकर पेंशन फार्म सरलीकरण किया जा सके। संरक्षक रूपलाल मानेकर ने सभी पेंशनरों से अपील की है कि अधिक



कोल माइंस पेंशनर एसोसिएशन एचएमएस की बैठक में शामिल हुए सदस्य। ● नवदुनिया

से अधिक संख्या में कोल माइंस पेंशनर एसोसिएशन एवं एचएमएस मध्य प्रदेश के सदस्य बनकर संघ को मजबूत करें। जुलाई 2017 से जो कामगार सेवानिवृत्त हुए हैं उन्हें 20 लाख ग्रेच्युटी दिलवाने का प्रयास संघ करेगा। बैठक में रूपलाल मानेकर, मानिकराव कापसे, पांडुरंग वरवड़े, अजय सिंह राजपूत, आरडी सोनी, वी एल सोनी, पूरनलाल मालवीय, डीडी लोखंडे, भीमू दवनडे, शिवदयाल चौकीकर, अजाबराव भूमरकर, तुलसीराम मसतकर, केशोराव हेमराज धोटे, एसआर पाटील, शिवकुमार, रामभरोस पूर्वे, इंदल पारधे, भूरा दिघेकर, रामदास पंडाग्रे, रूपलाल पाल, मुन्ना बुवाड़े, बलिराम आदि मौजूद थे।

# डाक घर बनाएगा कोयला पेंशनरों का डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र

कोरबा (नईदुनिया न्यूज)। आल इंडिया एसोसिएशन आफ कोल एक्जिक्यूटिव्स (एआईएसीई) व आल इंडिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन (एआइसीपीए) ने कोयला पेंशनरों की सुविधा के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने के लिए डाक व टेलीग्राफ विभाग से गठबंधन किया है।

प्रमाण पत्र बनाने के साथ ही कोल माइंस प्राविडेंड फंड (सीएमपीएफ) में भेजने का कार्य भी डाक विभाग करेगा। एआईएसई के संयोजक पीके सिंह राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि डिजिटल प्रमाण पत्र बनाने के लिए 20 नवंबर को सुबह 10.30 बजे से जेआरसी क्लब एसईसीएल कोरबा एरिया में शिविर का आयोजन किया गया है। इस दौरान कोयला पेंशन उपस्थित होकर अपना प्रमाण पत्र बनाने के साथ ही जमा कर सकते हैं। राठौर ने बताया कि इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक एक अखिल भारतीय नेटवर्क है और इसमें एक लाख से अधिक सेवा प्रदाता (पोस्टमैन) हैं, जो पूरे देश में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने का काम करेंगे। एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने में असमर्थ हैं और प्रमाण पत्र जारी करवाने में शारीरिक रूप से अक्षम हैं। पोस्टमैन ऐसे दिव्यांग व्यक्तियों के पास जाकर उनका प्रमाण पत्र बनाएंगे। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक ने इसके लिए 70 रुपए सेवा शुल्क के रूप में लेगा।

नईदुनिया



पाक के पूर्व राजनयिक ने माना, एयरस्ट्राइक में मारे गए थे 300 आतंकी

# सेवानिवृत कोलकर्मी आनलाइन जमा कर सकेंगे लाइफ सर्टिफिकेट

कोरबा (नईदुनिया प्रतिनिधि)। सेवानिवृत्त कोल कर्मियों को अब लाइफ सर्टिफिकेट (जीवन प्रमाण पत्र) जमा करने भटकना नहीं पड़ेगा। प्रबंधन ने आनलाइन फार्म जमा करने की स्वीकृति प्रदान कर दी। इससे पेंशन भुगतान में किसी तरह की दिक्कत नहीं आएगी।

साउथ इस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) समेत कोल इंडिया की अन्य आनुषांगिक कंपनी से सेवानिवृत अधिकारी व कर्मचारियों को प्रत्येक वर्ष लाइफ सर्टिफिकेट जमा करना पड़ता है, ताकि पेंशन निरंतर जारी रह सके। बैंक में प्रमाण पत्र जमा नहीं होने पर पेंशनरों को संबंधित कार्यालय का चक्कर काटना पड़ता है, जहां से सेवानिवृत हुए थे। इससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पेंशनर एसोसियेशन लंबे अरसे से आनलाइन प्रमाण पत्र जमा करने की सुविधा लागू करने कोल इंडिया प्रबंधन व कोलमाइंस प्राविडेंट फंड आर्गेनाइजेशन (सीएमपीएफओ) से मांग कर रहा था। इस पर प्रबंधन ने पहल करते हुए आखिरकार यह सुविधा शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि इसके लिए पेंशनरों को नागरिक सेवा केंद्र व सुविधा उपलब्ध कराने वाले बैंक से संपर्क कर सर्टिफिकेट भरा जा सकेगा। बायोमेट्रिक आधारित लाइफ सर्टिफिकेट के एक तरह से डिजिटल सेवा है, जो सेवानिवृत कर्मियों के लिए सहायक सिद्ध होगी। इस संबंध में पेंशनर एसोसियेशन के संयोजक पीके सिंह राठौर का कहना है कि केंद्र सरकार ने लाइफ सर्टिफिकेट पोर्टल से कोल इंडिया व सहायक कंपनी के सेवानिवृत कर्मियों व उनकी पत्नियों को यह सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। कोल इंडिया के कोलकाता स्थित कार्यालय में इस सेवा की शुरूआत चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि इससे एसईसीएल के भी सेवानिवृत अधिकारी व कर्मचारी लाभांवित होंगे और सुविधा का लाभ ले सकेंगे। पोर्टल की सुविधा के बाद उन्हें [illegible] के लिए अनावश्यक भटकना नहीं पड़ेगा।

## फिंगरप्रिंट लेने के बाद मिलेगी सुविधा

संयोजक राठौर का कहना है कि इस सुविधा पूरी तरह पेपरलेस होगी। पेंशनरों को आधार नंबर व आधार से जुड़े मोबाइल पर मिले ओटीपी से प्रमाणीकरण की आवश्यकता होगी। सर्टिफिकेट को आधार सक्षम बायोमेट्रिक डिवाइस से फिंगरप्रिंट लेने के बाद उपलब्ध कराया जाएगा। इससे जल्द ही यह सुविधा मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे कोल इंडिया में लगभग पौने पांच लाख पेंशनर है, जो विभिन्न क्षेत्र में निवासरत करते है। ऐसे पेंशनरों को लाइफ सर्टिफिकेट आनलाइन जमा करने से अनावश्यक परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी।

2021-01-10 16